

# सप्तदश बिहार विधान सभा

## पंचदश सत्र

## ध्यानाकर्षण सूचना

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण सूचना बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-104(3) के अन्तर्गत दिनांक-25.07.2025 के लिए माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी है ।

| क्र० सं० | सदस्य का नाम | विषय | विभाग |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | श्री वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता, स०वि०स०<br>श्री रणविजय साहू, स०वि०स०<br>श्री अमरजीत कुशवाहा, स०वि०स०<br>श्री राम विशुन सिंह, स०वि०स०<br>श्री राम रतन सिंह, स०वि०स०<br>श्री रामबली सिंह यादव, स०वि०स०<br>श्री अरूण सिंह, स०वि०स०<br>श्री शिवप्रकाश रंजन, स०वि०स०<br>श्री महानंद सिंह, स०वि०स० | ''भारत की आजादी की लड़ाई में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की कर्मभूमि चम्पारण में सत्याग्रह आंदोलन के समय से भितिहरवा गाँधी आश्रम एक ऐतिहासिक स्थल रहा है । जहां बा और बापू ने विद्यालय स्थापित किया था और बा ने वहां विद्यालय की शिक्षिका तथा संचालिका के रूप में अपना जीवन व्यतीत किया था । भितिहरवा में आज भी उनके द्वारा स्थापित विद्यालय कस्तूरबा कन्या उच्च विद्यालय नाम से ग्रामीणों एवं समाज सेवियों के सहयोग से चलता है । आजादी के 77 वर्षों के बाद भी आज तक उस विद्यालय का सरकारीकरण नहीं हो सका है । राष्ट्रपिता माहात्मा गाँधी एवं बा के सम्मान में वहां बना नया ऑडोटोरियम और प्रदर्शनी भवन भी तकनिशियन के अभाव में बंद पड़ा है । लोक-महत्व के इस विषय पर कस्तूरबा कन्या उच्च विद्यालय, भितिहरवा के सरकारीकरण हेतु हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हैं ।'' | शिक्षा |

| क्र० सं० | सदस्य का नाम | विषय | विभाग |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 2. | श्री प्रणव कुमार, स०वि०स०<br>श्री प्रफुल्ल कुमार मांझी, स०वि०स०<br>श्री प्रहलाद यादव, स०वि०स० | ''केन्द्र सरकार का परिकल्पना है कि सहकारिता के माध्यम से ही 'गांव का विकास तभी देश का विकास' होगा । इसी परिकल्पना के साथ माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा 'सहकार से समृद्धि' सिद्धांत के अन्तर्गत सहकारिता विभाग में लगभग 25 प्रकार के योजनाओं को प्रारंभ किया गया है । बिहार में भी उक्त योजनाओं का क्रियान्वयन हो रहा है ।<br>किंतु सभी योजनाओं को बिहार में लागू करने में आ रही कठिनाईयों के समाधान तथा गहन अध्ययन हेतु आयोग के गठन की आवश्यकता है ।<br>अतः हम सदन के माध्यम से सहकारिता आयोग का गठन करने हेतु सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हैं ।'' | सामान्य प्रशासन |

---

**ख्याति सिंह**
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-ध्या०प्र०-22/25- 601 /वि०स०, पटना, दिनांक- 24 जुलाई, 2025 ई०।

प्रतिः- माननीय सदस्यगण, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(रविन्द्र पंडित) 24.7.25
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-ध्या०प्र०-22/25- 601 /वि०स०, पटना, दिनांक- 24 जुलाई, 2025 ई०।

प्रतिः- माननीय मुख्यमंत्री के आप्त सचिव / माननीय उप मुख्यमंत्रीगण के आप्त सचिव एवं माननीय मंत्रिगण के आप्त सचिव को क्रमशः माननीय मुख्यमंत्री, माननीय उप मुख्यमंत्री एवं मंत्रिगण के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(रविन्द्र पंडित) 24.7.25
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-ध्या०प्र०-22/25- 601 /वि०स०, पटना, दिनांक- 24 जुलाई, 2025 ई०।

प्रतिः- मुख्य सचिव, बिहार / राज्यपाल के प्रधान सचिव, बिहार / सचिव, बिहार विधान परिषद् / महाधिवक्ता, बिहार, पटना उच्च न्यायालय / संसदीय कार्य विभाग / शिक्षा विभाग एवं सामान्य प्रशासन विभाग के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(रविन्द्र पंडित) 24.7.25
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-ध्या०प्र०-22/25- 601 /वि०स०, पटना, दिनांक- 24 जुलाई, 2025 ई०।

प्रतिः- माननीय अध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव / माननीय उपाध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव / प्रभारी सचिव के प्रधान आप्त सचिव को क्रमशः माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय उपाध्यक्ष महोदय एवं प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

(रविन्द्र पंडित) 24.7.25
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।